स्पीड पोस्ट

संख्या–379 /XVI–2/15/19(36)/2012

प्रेषक,

डा0 निधि पाण्डेय,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन

सेवा में,

1 सचिव,
कृषि एवं सहकारिता,
कृषि भवन नई दिल्ली,
भारत सरकार।

2 सचिव,
आयुष,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार।

3 मुख्य सचिव
भारत के सभी राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश

4 महानिदेशक,
भारतीय विज्ञान एवं कृषि अनुसंधान परिषद
कृषि भवन नई दिल्ली।

5 महानिदेशक,
भारतीय वन अनुसंधान एवं शिक्षण परिषद, देहरादून।

6 निदेशक,
केन्द्रीय औषधीय एवं सगन्ध पौध संस्थान,
कुकरैल रोड, लखनऊ।

उद्यान एवं रेशम अनुभाग–2 देहरादूनः दिनांक– 04 अप्रैल,2015

**विषयः–जड़ी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान गोपेश्वर चमोली में निदेशक के रिक्त पद हेतु परिपत्र।**

**महोदय,**

उद्यान विभाग, उत्तराखण्ड सरकार देहरादून, जड़ी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान गोपेश्वर चमोली में निदेशक के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर वेतन बैंड ₹37,400–67000 तथा ग्रेड पे ₹8900 आवेदन आमंत्रित करता है। पात्रता के मानदण्ड **संलग्नक–1** पर दिए गये हैं। चयनित अधिकारी के वेतन तथा अन्य शर्ते राज्य सरकार के नियमानुसार देय होगें।

2– केवल ऐसे अधिकारियों के आवेदन पत्रों पर विचार किया जायेगा जो उचित माध्यम के द्वारा उपलब्ध कराये जायेगें तथा जिनके साथ :–

(1) बायो डाटा (छायाप्रति) **परिपत्र संलग्न–2** के अनुसार ।

(2) अधिकारी की पिछले दस वर्षो की चरित्र पंजिका की फोटो प्रति विधिवत् अनुप्रमाणित ।

(3) कैडर अनापत्ति।

(4) सर्तकता अनापत्ति/अखण्डता प्रमाण पत्र।

(5) पिछले दस वर्षो में अधिकारी पर लगाये गये कम या अधिक दण्ड का विवरण।

3— यह अनुरोध किया गया है कि इस परिपत्र को व्यापक प्रचार किया जाय और उपयुक्त/योग्य तथा इच्छुक अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों को जॉच पड़ताल के पश्चात परिपत्र जारी होने की तारीख से एक माह की अवधि के अन्दर निम्न पते पर भेजा जा सकता है।

4— देय तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पत्रों को स्वीकार नही किया जायेगा। साक्षात्कार के लिए उपयुक्त उम्मीदवार का बुलावा पत्र (कॉल लेटर) अन्वीक्षण समिति (स्क्रीनिंग कमेटी) के चयन के पश्चात जारी किया जायेगा

**पत्र व्यवहार का पता**
**सचिव,**
उद्यान एवं रेशम अनुभाग–2
4, सुभाष रोड देहरादून।
उत्तराखण्ड शासन, देहरादून–248001

भवदीया,

(डा0 निधि पाण्डेय)
सचिव
उत्तराखण्ड शासन।

**संख्या–379/XVI–2/15/19(36)/2012,तद्‌दिनांक।**
**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1— महानिदेशक निदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग उत्तराखण्ड को इस आशय के साथ प्रेषित कि परिपत्र को उत्तराखण्ड सरकार की वेवसाइट पर प्रकाशित करने का कष्ट करें।

2— अधीशासी, निदेशक, एन0आई0सी0 उत्तराखण्ड सचिवालय परिसर देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि परिपत्र को उत्तराखण्ड सरकार की वेवसाइट पर प्रकाशित करने का कष्ट करें।

3— निदेशक, जड़ी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान गोपेश्वर चमोली को इस निर्देश के साथ प्रेषित की परिपत्र को जड़ी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान गोपेश्वर चमोली की वेवसाइट पर तत्काल प्रकाशित करने का कष्ट करें।

4— उप कुलपति, कुमायॅं/गढ़वाल विश्वविद्यालय तथा गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर

**आज्ञा से,**

(डा0 निधि पाण्डेय)
सचिव।

संलग्नक—1

| | | |
|---|---|---|
| पद का नाम | | निदेशक जड़ी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान (एच0आर0डी0आई0) |
| पद की संख्या<br>और आफिस | | एक (01)<br>गोपेश्वर मण्डल– जिला चमोली उत्तराखण्ड |
| वेतन बैंड एवं ग्रेड पे | | ₹37,400–67000 ग्रेड पे ₹8900 |
| नियुक्ति का आधार | | प्रतिनियुक्ति के आधार पर |
| एकेडमिक योग्यता और प्रबन्धकीय अनुभव | | शैक्षिक अर्हता एम0एस0सी0–बॉटनी / कैमस्ट्री (कार्बनिक रसायन विज्ञान में विशेष योग्यता) / बायो कैमस्ट्री / बायो टेक्नोलॉजी, पी0एच0डी शैक्षिक अर्हता धारक को वरीयता दी जायेगी। |
| कार्यानुभव | | जड़ी–बूटी (औषधीय एवं सगन्ध) क्षेत्र में कम से कम 03 वर्ष का अनुभव। |
| आयु | | विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि को अभ्यर्थी की आयु 50 वर्ष से अधिक न हो |
| प्रतिनियुक्ति की अवधि | | 03 वर्ष |
| सन्दर्भण | | अभ्यर्थी को सम्बन्धित विषय के कार्यक्षेत्र में कार्य करने वाले तीन वरिष्ठ व्यक्तियों का प्रमाण पत्र संलग्न कर प्रस्तुत किया जाना होगा। |

(डा0 निधि पाण्डेय)
प्रभारी सचिव, उद्यान विभाग
उत्तराखण्ड शासन

संलग्नक

## जड़ी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान गोपेश्वर, चमोली में निदेशक के पद हेतु आवेदन पत्र

## बायो डाटा प्रपत्र

फोटो

1. नाम एवं पता (बडे अक्षरो में)

   टेलीफोन नं0 (मोबाइल नं0)

2. जन्मतिथि

3. सेवा निवृत्ति की तिथि

4. शैक्षिक योग्यता

5. शैक्षिक तथा अन्य योग्यतायें जो पद के लिए आवश्यक हों

| पद के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता/अनुभव | पद के सन्दर्भ में जो शैक्षिक योग्यता/अनुभव धारित करते हों . |
|---|---|
| | |

6. कृपया यह सुनिश्चित करें कि ऊपर की गई प्रविष्टियों के प्रकाश में पद की आवश्यक योग्यता व अर्हता धारित करते हैं।

7. रोजगार का कालानुकमिक विवरण

| कार्यालय/संस्थान/संगठन | पदनाम और सेवा संवर्ग से सम्बन्धित | कब से | कब तक | वेतनमान | नियमित/तदर्थ | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

8. वर्तमान पद की स्थिति/प्रकृति

   (1) तदर्थ

   (2) नियमित/अनियमित

   (3) स्थायी/अस्थायी

   (4) वर्तमान में बेसिक पे

9. वर्तमान में नियुक्ति का आधार प्रतिनियुक्ति/संविदा

   (1) प्रारम्भिक नियुक्ति की तिथि

   (2) प्रतिनियुक्ति या संविदा विस्तार की अवधि

   (3) कार्यालय/संगठन का नाम

10. वर्तमान पद के सन्दर्भ में अतिरिक्त विवरण
    (1) केन्द्रीय
    (2) राज्य
    (3) स्वायत्तशासी संगठन
    (4) सरकारी उपक्रम
    (5) विश्वविद्यालय
11. प्रतिमाह में प्राप्त कुल परिलब्धियाँ
12. इस पद के सन्दर्भ में कम संख्या–6 के अतिरिक्त यदि कोई जानकारी हो जिसकी अपनी उपयुक्तता के सन्दर्भ में उल्लेख करना चाहते हैं तो एक अलग शीट संलग्न कर प्रेषित करें।
13. एस0सी0 / एस0टी0

**पद के चयन के कम में, मैं पद के लिए अपनी उम्मीदवारी वापस नही लूंगा और पद स्थापन को स्वीकार करूंगा।**

..............................................................

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

पता..........................................................

..........................................................

..........................................................

..........................................................

ईमेल...............................................

**दिनांक.................................**

**प्रतिहस्ताक्षर...............................**

**हस्ताक्षर नियोक्ता.....................**

(डा0 निधि पाण्डेय)
प्रभारी सचिव, उद्यान विभाग
उत्तराखण्ड शासन

## उद्यान विभाग, उत्तराखण्ड सरकार के अधीन निदेशक, जड़ी–बूटी शोध एवं विकास संस्थान गोपेश्वर–मण्डल (चमोली) के पद हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

निदेशक पद हेतु योग्य अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक शर्ते :–

**(1) एकेडमिक योग्यता और प्रबन्धकीय अनुभव :–**

1– इच्छुक व्यक्ति/अभ्यंर्थी मौलिक रूप से वेतनबैंड ₹37,400–67,000 ग्रेड पे ₹8900 में कार्यरत हो अथवा वेतनबैंड ₹37,400–67000 ग्रेड पे ₹8700 में दो वर्ष की सेवा पूर्ण की हो।

2– जड़ी–बूटी (औषधीय एवं सगन्ध) क्षेत्र में कम से कम 03 वर्ष का अनुभव।

3– शैक्षिक अर्हता एम0एस0सी0–बॉटनी/कैमस्ट्री (कार्बनिक रसायन विज्ञान में विशेष योग्यता)/बायो कैमस्ट्री/बायो टेक्नोलॉजी. पी0एच0डी शैक्षिक अर्हता धारक को वरीयता दी जायेगी।

**(2) आयु:–**

अभ्यर्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 50 वर्ष से अधिक न हो।

**(3) संदर्भण :–**

अभ्यर्थी को सम्बन्धित विषय के कार्यक्षेत्र में कार्य करने वाले तीन वरिष्ठ व्यक्तियों का प्रमाण पत्र संलग्न कर प्रस्तुत किया जाना होगा।

**(4) कुल परिलब्धियां तथा प्रतिनियुक्ति की शर्तें:–**

प्रतिनिुयुक्ति के आधार पर नियुक्त होने वाले अभ्यर्थी को वेतनबैंड ₹37,400–67000 ग्रेड वेतन ₹8900 तथा इस वेतनमान हेतु नियमान्तर्गत राज्य सरकार में अनुमन्य महँगाई एवं अन्य भत्ते देय होगें।

**(5) प्रतिनियुक्ति की अवधि :–**

प्रतिनियुक्ति की अवधि न्यूनतम 03 वर्ष के लिए होगी कार्य प्रणाली सन्तोषजनक पाये जाने पर प्रतिनियुक्ति की अवधि अधिकतम 02 वर्ष के लिए बढ़ायी जा सकती है।

**(6) संस्थान और मुख्यालय का स्थान :–**

संस्थान का मुख्यालय गोपेश्वर, मण्डल (चमोली) होगा तथा अभ्यर्थी को उसी मुख्यालय पर तैनात किया जायेगा। यह संस्थान उत्तराखण्ड के जड़ी–बूटी के क्षेत्र में शीर्षस्थ संस्थान होने के नाते अभ्यर्थी का कार्य क्षेत्र सम्पूर्ण उत्तराखण्ड होगा।

इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र सभी वांछित प्रमाण पत्रों/बायो–डाटा की अभिप्रमाणित प्रतियों सहित **दिनांक–11 मई 2015 को सांय 5.00 बजे** तक सचिव, उद्यान, उत्तराखण्ड सचिवालय, 4 बी0सुभाष रोड, देहरादून को पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित करें। अपूर्ण एवं विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन–पत्रों पर कोई विचार नही किया जायेगा।